स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार

नोवल कोरोना वायरस
(COVID-19)

आपकी स्वास्थ्य सुरक्षा ही हमारा मकसद

मास्क जरूर पहनें

क्योंकि, मास्क पहनने से संक्रमण के फैलने की संभावना कम रहती है

जहां तक संभव हो स्वस्थ्य व्यक्ति 100% सूती कपड़े से घर में निर्मित मास्क का ही उपयोग करें, क्योंकि इसे अच्छी तरह से साफ कर बार–बार उपयोग में लाया जा सकता है।

संक्रमण संचार की संभावना

संक्रमित व्यक्ति | स्वस्थ व्यक्ति



संक्रमण की पूर्ण संभावना

70% संक्रमण की संभावना

5% संक्रमण की संभावना

1.5% संक्रमण की संभावना

अतः

हमेशा सामाजिक दूरी बनाकर ही रखें।



कैसे करें मास्क का उपयोग ?

- मास्क को नाक, मुंह से टोड़ी तक ढक कर पहनें।
- अच्छी तरीके से साबुन से हाथों की सफाई करने के बाद ही मास्क का उपयोग करें।
- एक मास्क का उपयोग अधिकतम 8 घंटे तक ही करें।
- संक्रमित व्यक्ति एवं स्वास्थ्य संस्थानों में उनका इलाज/जांच कर रहें चिकित्सा कर्मी को चिकित्सीय संस्थानों में उपयोग में लाये जा रहे एन.95/किसी भी सर्जिकल मास्क का उपयोग करना आवश्यक है।
- एन. 95 मास्क के अतिरिक्त सामान्य दोहरे कपड़े से घर में सिले हुए मास्क भी संक्रमण को रोकने के लिए काफी कारगर है। सामान्य नागरिक के लिए 3 प्लाई मास्क अथवा कपड़े के डबल लेयर मास्क काफी उपयोगी है। अतः घर में बने मास्क का बेहिचक प्रयोग कर सकते हैं। घर में बने मास्क के उपयोग के बाद उसे सर्फ/साबुन एवं गर्म पानी से साफ कर धूप में अच्छी तरह सुखाने के बाद भी दोबारा उपयोग में लायें।

संक्रमित/उनके इलाज/जांच में कार्यरत चिकित्सा कर्मी उपयोग किये गये मास्क को एक लीटर पानी में एक चम्मच ब्लीचिंग पाउडर मिलाकर घोल तैयार कर मास्क को 10 से 15 मिनट तक उसमें डुबोयें तथा उसके शीघ्र उपरांत जलाकर या गहरे गड्ढे में दफन कर नष्ट करें।

आमजन हेतु सूचना

सभी आमजन, फल विक्रेता, सब्जी विक्रेता, सफाईकर्मी, किराना दुकानदार, सुधा डेयरी, दवा के दुकानदार एवं वहां के कर्मी तथा सामग्रियों के क्रय करने वाले सभी व्यक्तियों को मास्क लगाना अनिवार्य है। इसका उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति दण्ड के भागी होंगे।

विस्तृत जानकारी हेतु
24X7 Toll Free No.: 104

- SHSBihar
- BiharHealthDepartment

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना– 800 014

Website www.statehealthsocietybihar.org
Twitter @BiharHealthDepartment

स्वस्थ बिहार समृद्ध बिहार